# एमपी नगर में ट्राले की टक्कर से कार पलटी, दो युवक घायल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः**

भोपाल के एमपी नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से कार पलटने पर दो युवक घायल हो गए, जबकि ट्राला चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।



भोपाल के एमपी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से एक कार पलट गई। हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्राला चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्राले को जब्त कर आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पिपलानी निवासी 22 वर्षीय लक्ष्मण गौड़ अपने मित्र अनिमेष यादव के साथ निजी कार्य से कोलार जा रहे थे। व्यापम चौराहे से 6 नंबर स्टॉप की ओर कार मोड़ने के दौरान पीछे से आए ट्राला क्रमांक आरजे 01 जीसी 0893 ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों युवकों को कार से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी।

दोनों को मामूली चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही एमपी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्राले को जब्त कर लिया। कार चालक की शिकायत पर आरोपित ट्राला चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश के साथ दुर्घटना के कारणों की भी जांच कर रही है।

## बलसाड एक्सप्रेस में कैमरा चोरी करते पकड़ाया युवक

**नप्र, भोपालः** जनरल कोच में एक यात्री का महंगा कैमरा चोरी करने वाले युवक को यात्रियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। गुस्साए यात्रियों ने उसकी पिटाई करने के बाद उसे रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया। रानी कमलापति जीआरपी ने आरोपी को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसने पहले भी ऐसी वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं। जीआरपी के अनुसार पश्चिम बंगाल निवासी आनंद कुमार गिरी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह 28 जून की रात जबलपुर रेलवे स्टेशन से बलसाड एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल आ रहे थे। यात्रा के दौरान औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन के पास एक युवक ने मौका पाकर उनका करीब 40 हजार रुपये कीमत का कैमरा चोरी कर लिया। पीड़ित ने आरोपी को कैमरा चुराते हुए देख लिया और तुरंत शोर मचा दिया। इसके बाद ट्रेन में मौजूद अन्य यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को भागने से पहले ही पकड़ लिया।

# निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली बढ़ाने और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन ने समय-सीमा प्रकरणों और विभिन्न विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कर वसूली अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर राजस्व आय बढ़ाई जाए।



अटल भवन स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में आयुक्त ने संबल योजना, समग्र ई-केवाईसी, फायर एनओसी, वायरलैस सिस्टम, पॉश मशीनों की उपलब्धता तथा सीएंडडी वेस्ट के उपयोग सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संबल योजना के लंबित आवेदनों की जांच सहित सभी प्रक्रियाएं 15 दिनों के भीतर पूरी की जाएं और समग्र ई-केवाईसी से जुड़े मामलों का भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

आयुक्त ने कहा कि सभी संबंधित कर्मचारियों को समय पर पॉश मशीनें उपलब्ध कराई जाएं। यदि मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य प्रभावित होता है तो संबंधित जोनल अधिकारी, वार्ड प्रभारी और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अतिक्रमण शाखा के स्टोर में भी पॉश मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में वायरलैस सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय रखने और फायर एनओसी से जुड़े लंबित मामलों पर तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। फायर अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ संबंधित संस्थाओं को नोटिस भेजकर नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

निगम आयुक्त ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखने और सौंपे गए कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवनिर्मित यूरिनल्स को शीघ्र चालू कराने तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) के अधिकतम उपयोग पर भी जोर दिया। बैठक में निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 24 घंटे हरित ऊर्जा आपूर्ति की दिशा में मध्यप्रदेश का बड़ा कदम

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू कर दी है। इसके साथ ही प्रदेश स्वच्छ और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नए दौर में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में आयोजित परियोजना की प्री-बिड बैठक को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि दावोस में की गई घोषणा के अनुरूप राज्य सरकार 24 घंटे हरित ऊर्जा उपलब्ध कराने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश का उद्देश्य केवल नई परियोजनाएं स्थापित करना नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनना है।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार पारदर्शी नीतियों, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और बेहतर अधोसंरचना के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है।

उन्होंने देश-विदेश की कंपनियों से मध्यप्रदेश की ऊर्जा क्रांति में सहभागी बनने का आह्वान किया। बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव तथा टाटा पावर, रिलायंस एनर्जी, टोरेंट पावर, जिंदल रिन्यूएबल, एनटीपीसी, अडानी ग्रीन्स, हिंदुस्तान पावर और महिंद्रा सिस्टम सहित विभिन्न ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जून में 124 मोबाइल सहित 46.25 लाख रुपये का माल बरामद

**भोपाल।** रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत जीआरपी भोपाल ने जून माह में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 124 मोबाइल फोन सहित 46 लाख 25 हजार रुपये मूल्य का चोरी गया माल बरामद किया। साथ ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लंबित मामलों का खुलासा किया गया। जीआरपी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक (रेल) अंकित जायसवाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) नीतू डावर के निर्देशन में भोपाल इकाई के सभी थाना प्रभारियों एवं रेलवे पुलिस अधिकारियों को लगातार अभियान चलाकर ट्रेनों में चोरी और अन्य अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

# निजी बैंक कर्मचारी से 27.55 लाख की साइबर ठगी, क्रिप्टो निवेश के नाम पर फँसाया

**नप्र, भोपालः** राजधानी भोपाल में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर 30 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक निजी बैंक कर्मचारी से 27 लाख 55 हजार 153 रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने पहले निवेश पर लगातार लाभ दिखाकर विश्वास जीता और बाद में रकम निकालने के नाम पर टैक्स और कमीशन जमा कराने की मांग की।

जब पीड़ित ने पैसे निकालने का प्रयास किया तो उसका ट्रेडिंग अकाउंट और मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया गया। मामले में जहांगीराबाद थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित पुनीत तिवारी नर्मदापुरम जिले के एक निजी बैंक में कार्यरत हैं। उनके पिता पुलिस विभाग में पदस्थ हैं और परिवार जहांगीराबाद स्थित पुलिस लाइन के सरकारी आवास में रहता है। शिकायत में पुनीत ने बताया कि 25 मई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पीटर बताते हुए कहा कि वह लूनो मनी लिमिटेड नामक कंपनी से जुड़ा है और कंपनी में निवेश करने पर 30 प्रतिशत तक लाभ मिलेगा।

ठग की बातों में आकर पुनीत ने शुरुआत में छोटी राशि निवेश की। इसके बाद उन्हें एक मोबाइल एप डाउनलोड कराया गया, जिसमें उनके निवेश पर लगातार बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाई देता रहा। इससे भरोसा बढ़ने पर उन्होंने अलग-अलग किश्तों में कुल 27.55 लाख रुपये नौ विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। एप में उनके ट्रेडिंग अकाउंट का बैलेंस करीब 47 लाख रुपये दिखाया जाता रहा। 29 मई को जब पुनीत ने अपनी राशि निकालने की कोशिश की तो ठगों ने 20 प्रतिशत टैक्स और प्रोसेसिंग शुल्क पहले जमा करने की शर्त रख दी। बैंकिंग नियमों की जानकारी होने के कारण उन्हें संदेह हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने उनका अकाउंट और मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

भोपाल साइबर क्राइम सेल की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ठगी की रकम मुंबई, पुणे, लखनऊ सहित चार राज्यों के विभिन्न खातों में भेजी गई।

जांच में नौ संदिग्ध बैंक खातों का पता चला है, जिनमें सरफराज, नाजिम, आर्यन सिंह, कोमल पार्लर और एमआर हार्डवेयर सहित अन्य नाम शामिल हैं।

## मानसून की धीमी रफ्तार से जलाशयों पर संकट

**नप्र, भोपालः** मध्य प्रदेश में मानसून ने अब रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है और पिछले कुछ दिनों में कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। नदियों का जलस्तर भी बढ़ा है, लेकिन बड़े जलाशयों की स्थिति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। जल संसाधन विभाग की 30 जून 2026 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 54 प्रमुख जलाशयों में औसत जलभराव केवल 33.61 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष 30 जून के मुकाबले महज 1.59 प्रतिशत अधिक है, जब जलभराव 32.02 प्रतिशत था। राहत की बात यह है कि बारिश का दौर जारी है, लेकिन चिंता इस बात की है कि प्रदेश के 54 में से 27 जलाशयों में अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम पानी है। यही कारण है कि इस बार लगातार बारिश के बावजूद किसी भी बड़े बांध का एक भी गेट नहीं खोला गया है।

# संतनगर स्टेशन बनेगा हाईटेक, कुटिया के पास बनेगा नया अंडरब्रिज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः**

स्टेशन को आधुनिक से लैस करने लगभग 37 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। जिसके चलते बुधवार को सांसद आलोक शर्मा और विधायक रामेश्वर शर्मा ने रेलवे के उच्च अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया और विकास कार्यों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की। सांसद और विधायक ने अधिकारियों को स्टेशन परिसर में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। यात्रियों के सुगम सफर के लिए यह घोषणा की गई कि स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक, दो और तीन पर नई लिफ्ट लगाई जाएंगी। इसके साथ ही, दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शौचालयों का निर्माण भी किया जाएगा। कुटिया के पास बनेगा नया अंडरब्रिज

क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और स्थानीय लोगों को रेलवे फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से मुक्ति दिलाने के लिए कुटिया के पास एक नए अंडरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं, फाटक रोड फ्लाईओवर निर्माण को लेकर विधायक ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि रेलवे के प्रोजेक्ट्स लंबी अवधि और सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किए जाते हैं, इसलिए इस फ्लाईओवर के निर्माण में थोड़ा समय लग सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मजबूती से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दौरे में अवर मंडल रेल प्रबंधक योगेन्द्र बघेल, सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया, सीनियर डीईएन (सेंटर) केके निगम, भाजपा नेता राम बंसल, चन्द्रप्रकाश इसरानी व विशिष्ठजन मौजूद रहे।

## एपीके फाइल डाउनलोड करते ही खाते से उड़े एक लाख रुपए

**नप्र, भोपालः** राजधानी भोपाल में साइबर ठग लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। कहीं क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया जा रहा है तो कहीं संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड कराकर बैंक खातों से रकम साफ की जा रही है। अयोध्या नगर, छोला मंदिर और कोलार थाना क्षेत्रों में ऑनलाइन ठगी के कई मामले सामने आने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अयोध्या नगर थाना पुलिस के अनुसार फरियादी रोज प्रधान के मोबाइल पर 16 जून को एक संदिग्ध एपीके फाइल भेजी गई। फाइल डाउनलोड करते ही साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए।

# स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग में मध्यप्रदेश के 10 स्कूल ने बनाई राष्ट्रीय पहचान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा घोषित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एसएचवीआर) 2025-26 में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।




राष्ट्रीय चयन सूची में प्रदेश के 10 विद्यालयों को स्थान मिला है। इनमें रतलाम के सांदीपनि विद्यालय, जावरा ने शहरी श्रेणी में पहला और भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, देवास जिले की शासकीय माध्यमिक शाला झिकड़ाखेड़ा ग्रामीण श्रेणी में दूसरे स्थान पर रही।

इस वर्ष प्रदेश के 78,149 विद्यालयों ने स्व-मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग लिया था। राज्य स्तर पर 20 विद्यालयों को राष्ट्रीय चयन के लिए नामांकित किया गया, जिनमें से 10 विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए। चयनित विद्यालयों में आठ शासकीय और दो निजी विद्यालय शामिल हैं।

भारत सरकार प्रत्येक चयनित विद्यालय को मेरिट प्रमाण-पत्र के साथ स्वच्छता एवं हरित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देगी। साथ ही संस्था प्रमुखों के लिए विशेष शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण भी आयोजित किया जाएगा।

सांदीपनि विद्यालयों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। रतलाम, भोपाल और जबलपुर के सांदीपनि विद्यालयों ने राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इन विद्यालयों ने स्वच्छता, जल संरक्षण, हरित परिसर विकास और छात्र सहभागिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से चेन लूटने वाले जीजा-साले गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के कोलार रोड थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली एक वृद्धा के गले से सोने की चेन और हीरे का पेंडेंट लूटने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने झाबुआ जिले से जीजा-साले की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है, ताकि उनसे अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा सके।

कोलार रोड थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि पीड़िता सरिता राजहंस (57) के पति सत्यानंद राजहंस भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से मुख्य महाप्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनका बेटा और बहू गुरुग्राम में रहते हैं। 19 जून की सुबह करीब 4:45 बजे सरिता राजहंस रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन और हीरे का पेंडेंट झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने इलाके के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान दो संदिग्धों की पहचान हुई, जिनमें एक आरोपी बबलू सरकार उर्फ पंकज था। फुटेज में दोनों आरोपी वारदात के बाद डी-मार्ट के आसपास दिखाई दिए। वहां से वे चुनाभट्टी पहुंचे और ऑटो से न्यू मार्केट जाकर ट्रेन के जरिए भोपाल से फरार हो गए।

पुलिस ने बबलू सरकार के परिजनों से पूछताछ की, जिसमें पता चला कि उसका पैतृक गांव झाबुआ जिले में है और वह वहीं छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस टीम ने झाबुआ में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वारदात को सूरज मेड़ा उर्फ सुरेश मेड़ा (23) ने अंजाम दिया था। वह न्यू अंबेडकर नगर का रहने वाला है और उसे पहले से जानकारी थी कि सरिता राजहंस प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलती हैं। इसी जानकारी के आधार पर उसने लूट की योजना बनाई और अपने जीजा बबलू सरकार उर्फ पंकज (28) को इसमें शामिल कर लिया।

वारदात के समय सूरज मेड़ा ने महिला के गले से चेन छीनी, जबकि उसका जीजा बबलू सरकार कुछ दूरी पर खड़ा होकर निगरानी करता रहा, ताकि किसी के आने या पुलिस की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। वारदात के बाद दोनों योजनाबद्ध तरीके से मौके से फरार हो गए।

जांच में यह भी सामने आया है कि बबलू सरकार पिपलानी थाने का निगरानीशुदा बदमाश है। उसके खिलाफ दो स्थायी वारंट लंबित थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए वह तलैया क्षेत्र में रह रहा था।

# डॉक्टरों का सम्मान किया शिक्षको ने

## अस्पताल, क्लीनिकों पर पहुंचकर डॉक्टर्स डे की दी बधाई

**हिरदाराम नगरः** डॉक्टर्स डे पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संतनगर के चिकित्सकों पर उनके अस्पताल और क्लीनिक पर पहुंचकर सम्मान किया। सेवा के लिए आभार जताया।

ज्वाला कान्वेंट स्कूल के टीचर्स ने डॉ. डॉ लाल कृष्णानी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुलानी, दांत रोग विशेषज्ञ डॉ. लीना गुलानी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर घनश्याम आसवानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तराना आसवानी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्येंद्र आसवानी, एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हर्षा आसवानी का स्कूल के स्टाफ द्वारा शाल श्रीफल एवं गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य राज बतरी ने कहा कि डॉक्टर भगवान की तरह होते हैं, जो रोग से मुक्ति दिलाते हैं। कार्यक्रम में भारती चांदनानी, , जयश्री राजपूत, , निशा मघनानी, रिया भावनानी मौजूद रहीं।





**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Sewage Department**
**Municipal Corporation 4th Flour Bmc Office, Tulsi Nagar, Bhopal**
**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online Tender are inviting on appendix 2.10 from the appropriate firm that registered in Office of the Madhya Pradesh (Centralized PWD Registration Cell) for following work. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website..

| S. No. | NIT No./ Call No | Tender ID | Details of Work | Tender Value (INR) | Earnest Money EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 10/SEW/ BMC/ 2026-27 | 2026_UAD_ 518591_1 | PROVIDING LAYING AND JOINTING OF SEWAGE PIPELINE AT AAMRA VIHAR PHASE -3 WARD -83 ZONE -18 | 12,08,475.00 | 9,054.00 | 30.07.2026 |

T.N.380/026/027

Executive Engineer
Municipal Corporation, Bhopal

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक-2 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल विहार कालोनी, कोलार रोड, भोपाल**
**ई मेल eephedcp2bpl@mp.gov.in**
**निविदा क्र. 57,58,59,60,61,62,63,64 / का.यं./रा.परि. खण्ड-2/ लोस्वायांवि/भोपाल दिनांक-12/06/26**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PHED_514791 | Reconstruction of damaged manhole chamber i/c de silting and leaning of manholes and sewer line at Khushboo Park under Sub division No.06, Bhopal | 7,65,672=00 | 15,313=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 2 | 2026_PHED_514792 | Repairing of Sewer manhole chamber with cleaning and de silting of manhole sewer line drains of following Block F, G1, G2, G3 and Residence around Raja Bhoj Hr. Sec. School at 1100 Qtrs Area, Bhopal. | 5,78,911=00 | 11,578=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 3 | 2026_PHED_514793 | Cleaning of weeds from facultative pond no.01 i/c cleaning of grass and surface dressing work at Kotra Sewage Treatment Plant Campus, Bhopal | 6,93,272=00 | 13,865=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 4 | 2026_PHED_514794 | Repairing of damaged manhole chamber i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line from Khanugaon Squire to Ahemdabad SPH of Sub Div.-5, Bhopal | 13,02,257=00 | 26,045=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 5 | 2026_PHED_514795 | Rising and Repairing of damaged manhole chamber i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line at Section-D, Banganga area, Bhopal | 8,39,003=00 | 16,780=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 6 | 2026_PHED_514796 | Repairing and reconstruction of damaged manhole chambers including cleaning of manholes and sewer line of Ekant Park Oxidation Pond, Bhopal | 7,88,296=00 | 15,766=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 7 | 2026_PHED_514797 | Cleaning and De silting work of Wet well and PTU at Manisha Sewage Pump House, Bhopal | 8,51,315=00 | 17,026=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 8 | 2026_PHED_514798 | Replacement of 200 mm dia sewer line with repairing of damaged manhole chamber i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line at Bhoipura, Budhwara, Ginnori area, Bhopal | 8,49,817=00 | 16,996=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |

निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधन केवल वेबसाइट पर ही दर्शाया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा। निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 06.07.2026 है।

जी-15067/26

**कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रं.-2, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल**